# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रशासन और केन्द्र सरकार के कार्यालयों में अभियान चलाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में पुलिस कर्मियों के विभिन्न मामलों और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल द्वारा संपर्क सभा का आयोजन किया गया ।
- स्वास्थ्य विभाग और जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से अंडमानिस आदिम जनजातियों के लिए बहु विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- अंडमान विधि कॉलेज में आज उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- विश्व पर्यटन दिवस कल मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रशासन और केन्द्र सरकार के कार्यालयों में अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायतों और विभिन्न विभागों के सहयोग से द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के पंचायतों का भी सहयोग लिया जा रहा है। कैम्पबेल बे के लक्ष्मीनगर ग्राम पंचायत में कचरे को कला में परिवर्तित कर इसे नया रूप दिया गया है। ग्राम पंचायत सीपीघाट, विवेकानन्दपुर, की ओर से

भी इन कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र में भी अधिकारियों और कर्मियों के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा है। आज क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से वार्ड नम्बर सात की पार्षद अमर देवी और समाज सेवक आर. के. राज के सहयोग से आकाशवाणी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जो आगे भी जारी रहेगा। इसके अलावा श्री विजयपुरम केन्द्र की ओर से सफाई मित्रों को शामिल कर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की भी योजना है।

<><><><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज लद्दाख में सियाचिन में आधार शिविर का दौरा किया और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों तथा अधिकारियों से बातचीत की। श्रीमती मुर्मु ने सैनिकों को संबोधित करते हुए चुनौतीपूर्ण और विषम परिस्थितियों में राष्ट्र की रक्षा करने के लिए उनकी बहादुरी की प्रशंसा की। उन्होंने वहां तैनात सैनिकों के परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मु ने सियाचिन बेस युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम और राम नाथ कोविंद के बाद सियाचिन ग्लेशियर का दौरा करने वाली श्रीमती मुर्मु तीसरी राष्ट्रपति हैं। काराकोरम रेंज में स्थित सियाचिन ग्लेशियर दुनिया का सबसे ऊंचा सैन्य क्षेत्र है और भारतीय सेना अप्रैल उन्नीस सौ चौरासी में चलाए गए ऑपरेशन मेघदूत के बाद से इसकी रक्षा कर रही है।

<><><><><><><><><><>

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन–सीडीएससीओ ने अपनी रिपोर्ट में पचास से अधिक दवाओं को 'मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे' का घोषित किया है।

इन दवाओं में पैरासिटामोल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और कैल्शियम और विटामिन डी3 टैबलेट शामिल हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में पुलिस कर्मियों के विभिन्न मामलों और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल द्वारा संपर्क सभा का आयोजन किया गया। पुलिस लाईन के ड्रिल हॉल में आयोजित इस सभा में द्वीपसमूह के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात पुलिस कर्मियों ने वर्चुअली रूप से भाग लिया। बातचीत के दौरान कुछ मामले और सुझाव दिए गए। पुलिस महानिदेशक ने इसका तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने पुलिस कर्मियों से आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा। उन्होंने नशाखोरी, साइबर अपराध और घुसपैठियों के विरूद्ध कार्रवाई करने पर विशष जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने द्वीपसमूह के विभिन्न पुलिस इकाईयों के पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग और जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से हाल ही में अंडमानिस आदिम जनजातियों के लिए बहु विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल जलयान एम वी शोम्पेन में स्ट्रेट आइलैंड में आयोजित शिविर में दो डॉक्टरों सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों ने स्थानीय स्वास्थ्यकर्ताओं के सहयोग से जलयान में बीस आदिवासी सदस्यों की जांच की। इनमें तेरह पुरूष और सात महिलाएं शामिल थी।

<><><><><><><>

अंडमान विधि कॉलेज में आज उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य आयोग के सदस्य जॉनसन इब्राहम मुख्य अतिथि थे। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम दो हजार उन्नीस में उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए शामिल पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उपभोक्ता अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और यदि उनका शोषण होता है, तो वे ज़िला और राज्य आयोग के अलावा राष्ट्रीय आयोग से कैसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिनियम में शामिल विभिन्न प्रकार की सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिवक्ता मदन कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर और अंडमान एविन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में पक्षी अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंडमान कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में जैविक उद्यान चिड़ियाटापू के उप–निदेशक ए सी तिलक ने उद्यान और यहां उपलब्ध पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आटो के अध्यक्ष एम विनोद और एविन्स क्लब के अध्यक्ष अरूण सिंह ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में कल बालिकाओं और महिलाओं के लिए स्कूटी रैली का आयोजन किया जाएगा। ये रैली कल सुबह साढ़े दस बजे सेल्यूलर जेल से आरंभ होकर फ्लैग प्वाइंट में जाकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में कल हवाई अड्डा, हैडो जेट्टी, सेल्यूलर जेल, स्वराज और शहीद द्वीप जेट्टी में आने वाले पर्यटकों का स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से पर्यटन हितधारकों के साथ मिलकर बीच वॉलीबॉल और रस्सा–कस्सी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। कल शाम छः बजे से डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ इस उत्सव का समापन होगा।

<><><><><><><>

अनिम्स में चालू शिक्षा सत्र के लिए एम बी बी एस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तीसरे चरण का परामर्श तीस सितम्बर को रखा गया है। पात्र उम्मीदवारों की सूची अनिम्स के सूचना पट्ट के अलावा इसकी वेबसाइट और कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। उम्मीदवारों को तीस सितम्बर को सुबह नौ बजे अनिम्स के लेक्चर हॉल नम्बर–दो में मूल प्रमाणपत्रों और इसकी प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चौंतीस मिलीमीटर, मायाबंदर में सात दशमलव दो, हटबे में पांच दशमलव चार और पोर्ट ब्लेयर में एक दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>